केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**केमाशिबो /निदे./कौ.शि./2022** **18.07.2022**

**परिपत्र संख्या शैक्ष -80/2022**

केमाशिबो से संबद्ध संस्थानों के प्रमुख

**विषय: 5 अगस्त 2022 को लखनऊ में प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए कौशल पाठ्यक्रम सौंदर्य और कल्याण, परिधान, फैशन अध्ययन और वस्त्र डिजाइन पर कौशल एक्सपो सह जागरूकता कार्यशाला के संबंध में।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

एक सुगठित विद्यालयी पाठ्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य बच्चों को समाज के बेहतर शिक्षित और उपयोगी सदस्य बनाने के लिए अधिकतम कौशल और ज्ञान के बारे में अवगत कराना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, 2025 तक, कम से कम 50% शिक्षार्थियों को विद्यालय और उच्च शिक्षा के माध्यम से व्यावसायिक अनुभव प्राप्त होगा। प्रत्येक बच्चे से यह अपेक्षा की जाती है कि वह कम से कम एक व्यवसाय सीखे और कई अन्य व्यवसायों से भी परिचित हो। एनईपी 2020 में कहा गया है कि व्यावसायिक और शैक्षणिक शाखाओं के मध्य कोई 'स्पष्ट अलगाव न हो'।

इस भावना को जीवित रखने के लिए, केमाशिबो बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले कौशल विषयों के लिए कौशल एक्सपो सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर रहा है, जिसमें **सौंदर्य और कल्याण, परिधान, फैशन अध्ययन और वस्त्र डिजाइन** पर विशेष जोर दिया गया है। लोगों के दैनिक जीवन में जीवन कौशल के महत्व को पहचानने के साथ-साथ कौशल के लिए जागरूकता विकसित करने की दिशा में कौशल एक्सपो सह जागरूकता कार्यशाला अपनी **तरह की पहली बार आयोजित की जाने वाली पहली कार्यशाला है** ।

**कौशल एक्सपो/प्रदर्शनी-2022 के कुछ प्रमुख बिंदु होंगे-**

1. इस प्रदर्शनी में लखनऊ और आसपास के जिलों के सभी केमाशिबो विद्यालय भाग ले सकते हैं।
2. एक विद्यालय द्वारा न्यूनतम एक और अधिकतम तीन कौशल प्रदर्शित किए जा सकते हैं।
3. विद्यालयों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने के लिए कौशल/कौशल की अवधारणा और प्रक्रिया तैयार करनी होगी।
4. यदि अवधारणा, प्रक्रिया और कार्य प्रस्तुति उपयुक्त है, तो केमाशिबो द्वारा उसे सम्मानित करेगा।
5. यह कार्यक्रम प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को विद्यालयों में कौशल शिक्षा को लागू करने के तरीके के विषय में प्रशिक्षित करेगा।
6. विद्यार्थियों को यहाँ आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा ताकि वे भी इन कौशलों से सीख सकें।
7. विद्यालय या तो स्वयं एक कौशल तैयार कर प्रदर्शित कर सकते हैं या वे क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों को भी सम्मिलित कर सकते हैं।
8. कौशल शिक्षा मेले में भाग लेने वाले विद्यालय को 8 x 8 फीट आकार का एक स्टाल प्रदान किया जाएगा।

लखनऊ में आयोजित होने वाली जागरूकता कार्यशालाओं के कार्यक्रम इस प्रकार हैं-

| क्र.सं. | दिनांक | समय | जागरूकता कार्यशाला का स्थान | पंजीकरण लिंक |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 5 अगस्त 2022 | प्रातः 10:00 बजे से | लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक विद्यालय, एनएच-24, चांदपुर-खानीपुर, इटौंजा के पास, सीतापुर रोड, लखनऊ- 226203। | https://docs.google.com/forms/d/1FNDwpS_J83wdEXtQqjOzdwCqPZtX_XcCEadZ2So8nf1s/edit (यदि लिंक काम नहीं करता है, तो कृपया ब्राउज़र पर पता कॉपी और पेस्ट करें) |

ये जागरूकता कार्यशालाएं अलग-अलग विद्यालय के प्रधानाचार्यों के विभिन्न समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए आयोजित की जाती हैं। उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी इन कार्यशालाओं सम्मिलित रहेंगे।

कृपया ध्यान दें-

- ये जागरूकता कार्यशाला केमाशिबो से संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए हैं।
- इन कार्यशालाओं में प्रवेश "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर दिया जाएगा।
- इन जागरूकता कार्यशालाओं में पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं है।
- पंजीकरण ऊपर दिए गए लिंक द्वारा किया जा सकता है। लिंक 1 अगस्त 2022 को बंद हो जाएगा।
- सूचीबद्ध किए गए प्रधानाचार्यों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। यह सूची केमाशिबो की वेबसाइट पर भी डाली जाएगी।

**किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए,** कृपया डॉ. स्वाति गुप्ता, उप सचिव, कौशल इकाई को ईमेल आईडी dsskill.cbse@gmail.com पर लिखें ।

आप सभी से अनुरोध है कि इस कोर्स में सम्मिलित हों।

बिस्वजित साहा

**(डॉ.बिस्वजीत साहा)**
**निदेशक (कौशल शिक्षा)**

**अपने अधिकार क्षेत्र के सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ नीचे दिए गए अनुसार निदेशालय, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, दिल्ली- 110016
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309।
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली - 110054
4. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ - 160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम - 737101

6. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791 111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
8. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 3, रोहिणी, नई दिल्ली
9. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
10. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली - 110001
11. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट - 110010
12. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
13. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।
14. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव - अध्यक्ष, केमाशिबो की जानकारी के लिए
15. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष।
16. सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों/प्रमुख- उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को अनुपालन के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।
17. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), केमाशिबो
18. सहायक सचिव (आईटी), केमाशिबो , राउज एवेन्यू इस अनुरोध के साथ कि इस अधिसूचना को केमाशिबो शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें।
19. प्रभारी, हिंदी प्रकोष्ठ, केमाशिबो मुख्यालय - इस अधिसूचना के हिंदी अनुवाद के लिए।

**निदेशक (कौशल शिक्षा)**